Title: Request the Central Government to order the State Government of Uttar Pradesh to continue the Vocational Training Scheme running in the schools.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : अध्यक्ष जी, व्यावसायिक प्रशिक्षण की योजना जो स्कूलों के माध्यम से सभी प्रांतों में चलाई जा रही थी, उत्तर प्रदेश में उसे अचानक स्थगित कर दिया गया है। इससे लाखों छात्रों को जो इंटर-कालेजों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे, बड़ा भारी धक्का लगा है। बहुत सी परिसम्पत्ति का सृजन किया गया है, कमरे बनाये गये हैं, फर्नीचर दिया गया है। लेकिन अभी यह कार्यक्रम रोक दिया गया है, जिससे छात्रों का भविष्य अधर में पड़ गया है। सरकार से अनुरोध है कि वह हस्तक्षेप करे और स्कूलों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना को कायम रखे।